CAREERINDIA

SL. No. : DD

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

**CCE PR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H** **Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 23. 03. 2018 ] [ Date : 23. 03. 2018
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ-12-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 92 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. अहिल्या के अनुसार किसके साथ भोजन करने से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा ?
2. साधु ने कौन-सा उपाय बताया ?
3. गाँधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ?
4. न्यूटन ने किस चीज़ की ईजाद की थी ?
5. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ?
6. केवट किसमें पानी भरकर ले आया ?
7. मीरा किसकी दिवानी हो गई है ?
8. कवि ने हरियाली किससे माँगी ?
9. बड़े भाई साहब हर वक्त किसकी निगरानी करते थे ?
10. लोगों के बीच किस बात की बहस हो रही थी ?
11. विज्ञान का अर्थ क्या है ?
12. पुरुषोत्तम का घर कहाँ था ?
13. वेंकटराव किन-किन भाषाओं में पारंगत थे ?
14. साधु कैसा होना चाहिए ?
15. श्रीकृष्ण के मित्रों ने उनके मुख पर क्या लगाया ?
16. केवट किसकी सौगंध लेता है ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. रुपयों की कृपा से अपराध करने पर भी कैसे बचा जा सकता है ?
18. गाँधीजी का पहला-पहला आंदोलन क्यों स्थगित हो गया ?
19. बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति क्यों नहीं हो पा रही है ?
20. परिवार में नारी की भूमिका नर से भी कैसे बढ़कर है ?
21. धरती अपना आनंद कैसा प्रकट कर रही है ?
22. कवि बालकृष्ण शर्मा "नवीन" किस बात का वर्णन नहीं करना चाहता ?
23. सब कैसे सोते थे ? तब पिछड़ा आदमी क्या करता था ?
24. टाइम टेबल बनाने से क्या समस्या हुई ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



25. विज्ञान मानव के लिए वरदान है । समर्थन कीजिए ।

26. तावीज के गुण कौन से थे ?

27. गाँधीजी की पढ़ाई के बारे में आप क्या जानते हैं ?

28. बच्चे चोरी क्यों करते हैं ?

29. स्वच्छ शिला पर कौन और क्यों बैठा है ?

30. खाने पर कौन टूटते थे ? पिछड़ा आदमी अलग बैठे क्या करता था ?

31. मानव के तन-मन पर किसने आघात किया है ?

32. फालतू बातों को दूर करने के लिए लेखक हमें क्या सुझाव देते हैं ?

III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6 × 3 = 18

33. "जनाब, अब भी शक की कोई गुंजाइश बाकी है ?"

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

34. "इस कल में से ईमान या बेईमानी के स्वर निकलते हैं, जिन्हें 'आत्मा की पुकार' कहते हैं ।"

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

35. मैं तो मेरे नारायण की, आपहि हो गइ दासी रे ।
लोग कहै मीरा भई बावरी, न्यात कहै कुलनासी रे ।

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

36. मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना
हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दोसताँ हमारा ।

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :



www.careerindia.com

CAREERINDIA



37. यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः

    यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्रफलाः क्रियाः

    i) पाठ का नाम :

    ii) व्याख्या :

38. इतने तुम धनी हो, तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।

    i) कविता का नाम :

    ii) कवि का नाम :

    iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

39. पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

    i) जन्म-स्थान, काल :

    ii) कृतियाँ :

    iii) अन्य जानकारियाँ :

40. तुलसीदास :

    i) जन्म-स्थान, काल :

    ii) कृतियाँ :

    iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

41. राग से ................................................................................

................................................................................

................................................................................

.................................................................... अपनी चाल ।

**अथवा**

आसरा मत ................................................................................

................................................................................

................................................................................

.......................................................................... में राग ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

42. मधुर वचन ते जात मिट उत्तम जन अभिमान ।
तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।।

**अथवा**

जपमाला छापै तिलक, सरै न एकौ कामु ।
मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः-सात** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

43. अंग्रेज को किस बात का शौक था ? बिलवासीजी ने उसका लाभ कैसे उठाया ?

**अथवा**

बिलवासीजी लेट कर मर गये; दूसरे दिन सुबह आठ बजे तक मरे रहे — लेखक का क्या आशय है ? बताइए ।

44. नूतन विद्यालय कैसे अस्तित्व में आया ? वहाँ कौन-कौन से विषय पढ़ाये जाते थे ?

**अथवा**

जय कर्नाटक मासिक पत्रिका के बारे में लिखिए ।

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -सात** वाक्यों में लिखिए : 4

45. गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति अपनी विरह वेदना किस प्रकार प्रकट करती हैं ?

**अथवा**

माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करता है ?

**विभाग "B"**

**व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )**

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'करना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है

(A) कराया (B) करवाना

(C) करन (D) कराना ।

47. राम ............ बहन शीला है । इसमें उचित कारक शब्द से खाली जगह भरिए ।

(A) से (B) के

(C) की (D) का ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



48. 'ग्वाला' का अन्य लिंग रूप है

(A) ग्वाली (B) ग्वाले

(C) ग्वालिया (D) ग्वालिन ।

49. 'इत्यादि' शब्द किस संधि का उदाहरण है

(A) यण् संधि (B) गुण संधि

(C) दीर्घ संधि (D) अयादि संधि ।

50. 'सूक्ष्म' शब्द का विलोम शब्द है

(A) स्थूली (B) सूक्ष्माणु

(C) स्थूल (D) महान ।

51. "इन्होंने सदाचार का तावीज़ बनाया है" — इस वाक्य का वाच्य परिवर्तन रूप है

(A) इन्हें सदाचार का तावीज़ बनाया है

(B) इनका सदाचार का तावीज़ बनाये हैं

(C) इनसे सदाचार का तावीज़ बनाया गया है

(D) इनको सदाचार का तावीज़ बनाना है ।

52. 'सपना' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) सपनाएँ (B) सपनों

(C) सपन (D) सपने ।

53. 'सात्विकता' रेखांकित वर्ण में है

(A) प्रत्यय (B) धातु

(C) क्रिया (D) उपसर्ग ।

54. चार दिन ज्यों-त्यों में बीत गये ।

रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया विशेषण ।

55. किसमें अननुरूप शब्द है ?

(A) परमात्मा (B) गणेश

(C) विद्यार्थी (D) देवालय ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. मिठाई : मिठास :: मानव : ........................................ ।

57. प्रतिदिन : अव्ययीभाव समास :: राष्ट्रभाषा : .................................... ।

58. घोड़ा : हय :: आँख : ................................ ।

59. गाना गानेवाला : गायक :: कविता लिखने वाला : ........................... ।

XI. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

60. पद पखारि जलु पान, करि आपु सहित परिवार ।

XII. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

61. चारू चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही थीं जल थल में ।

## विभाग "C"
## रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) कमर कसना ।

(b) वार करना ।

XIV. 63. पत्र लेखन : 5

शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए 2,000 रुपये और अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कॉलेज में दाखिला होने के लिए स्थानांतरण पत्र और अंक पत्र माँगते हुए आवेदन पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

64. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) सामाजिक समस्याएँ

ii) पर्यावरण प्रदूषण

iii) राष्ट्रीय त्योहार ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com